श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देश

ओपन बुक(Open book) परीक्षा प्रणाली से परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थियों हेतु दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं। :–

1. विश्वविद्यालय द्वारा, कोविड–19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा / पी.जी. डिप्लोमा की समस्त परीक्षायें माह जून 2021 ओपन बुक पद्धति से आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा समय सारिणी का प्रकाशन पृथक से किया जा रहा हैं।

2. ऐसे परीक्षार्थी जो किन्हीं कारण वश परीक्षा का आवेदन पत्र पूर्व में जमा नहीं कर पाये हैं तथा स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा / पी.जी. डिप्लोमा परीक्षा में ओपन बुक पद्धति से प्रविष्ठ हो रहे है ऐसे समस्त परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के पूर्व तक अनिवार्य रूप से बिना विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.skuindia.com में जाकर ऑनलाइन अथवा परीक्षा विभाग में सीधे जमा कर सकते हैं।

3. ओपन बुक परीक्ष पद्धति में प्रश्न पत्र डाउनलोड एवं उत्तरपुस्तिका भेजने के सम्बंध में निर्देश
   (a) ओपन बुक परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की https://onlineexam.skuindia.com/ लिंक(Link) पर क्लिक(Click) करना हैं।
   (b) इसके पश्चात् परीक्षार्थी को दिये गये यूजरनेम (Username) और पासवर्ड (Password) से लॉगिन(Login) करना हैं और लॉगिन के पश्चात् परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें।
   (c) लॉगिन Login करने के उपरांत फिर स्क्रीन (Screen) पर एक डेशबोर्ड (Deshboard) खुलेगा। जिस पर उसे प्रश्नपत्र (Question paper) पर क्लिक (Click) करना हैं।
   (d) इसके पश्चात् परीक्षार्थियों को अपने सम्बन्धित विषय के पेपर (Paper) के सामने वाली पीडीएफ (PDF) लिंक पर क्लिक(Click) कर अपने प्रश्नपत्र (Question paper) को डाउनलोड(Download) करना हैं और उन विषयों का मिलान प्रवेश पत्र से स्वयं करना हैं।
   (e) परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात् परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के पृष्ठ क्रमांक के अनुसार स्कैन कर पीडीएफ (PDF) बना लें एवं पीडीएफ (PDF) फाइल का नाम (विषय का नाम, इंरोलमेंट नम्बर, सेमेस्टर परीक्षा का नाम) इस प्रकार लिखे– जैसे : (ENGLISH- SKU898959101- IV .PDF)
   (f) पीडीएफ (PDF) बनाने के लिए परीक्षार्थी को स्केनर अथवा निम्न सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर सकता हैं जो उन्हें प्ले स्टोर (Play store) पर फ्री में उपलब्ध हैं। जैसे : Microsoft Lense, Camscanner
   (g) सोफ्टवेयर्स (Softwares) का उपयोग करने की विधि हेतु निम्न लिंक https://youtu.be/h5RFnbgZEyw पर क्लिक करें एवं तकनीकि सहायता हेतु मो. 6268668644 पर सम्पर्क करें।
   (h) पीडीएफ (PDF) फाइल बनाने के पश्चात् फाइल को अपलोड आसंरबुक(Upload Answerbook) आप्शन(Option) पर क्लिक(Click) करके अपलोड प्रक्रिया सम्पन्न की जा सकती हैं।
   (i) उपरोक्त विधि से उत्तरपुस्तिका जमा करने के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये ई–मेल आईडी **(sku.onlineexam@gmail.com)** तथा डाक से व स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 05 / 07 / 2021 तक **परीक्षा विभाग, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, ग्राम चौका, सागर रोड, छतरपुर** 473001 पर भेजी जा सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं की जायगी जिसकी जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।

4. सभी परीक्षार्थीयों को विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.skuindia.com पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराये जायेगें परीक्षार्थी बेवसाइट से प्रश्नपत्र डाउनलोड कर प्रश्नपत्र हल करेंगे। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका का प्रथम पृष्ठ विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.skuindia.com से प्राप्त करें। परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे की तरफ पृष्ठ संख्या, रोल नंबर तथा अपने हस्ताक्षर करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र हेतु A-4 आकार के कागज अथवा रजिस्टर के पेज की उ.पु. बनाकर उस पर रोल नंबर / नामांकन क्रमांक / विश्वविद्यालय का नाम

/विषय/प्रश्नपत्र का शीर्षक/उपयोग किये गये कुल पृष्ठों की संख्या मुख्यपृष्ठ पर अंकित करते हुए नीले अथवा काले बॉल पेन से स्वयं की हस्तलिपि में उ.पु. लिखकर 05/07/2021 तक कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय में जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

5. परीक्षार्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका स्वयं की हस्तलिपि में होना अनिवार्य हैं। यदि उ.पु. में एक से अधिक हस्तलिपियाँ पाई जाती हैं या फोटो कॉपी जमा की जाती है तो ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी का अनुचित साधन प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जाएगी।

6. ऐसे परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन में शामिल नहीं हुए हैं, उनका आंतरिक मूल्यांकन ओपन बुक पद्धति से किया जाएगा। स्नातक अंतिम वर्ष/स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने प्रोजेक्ट अथवा असाइनमेंट जमा नहीं किया है, उनके प्रोजेक्ट/असाइमेंट ओपन बुक पद्धति से स्वीकार किए जायगें।

7. स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर समस्त प्रायोगिक विषयों हेतु सेशनल/आंतरिक मूल्यांकन के प्रश्नों को विभागाध्यक्ष अपने स्तर पर विश्वविद्यालय की निर्धारित बेवसाइट पर अपलोड करते हुए ओपन बुक पद्धति से उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त कर मूल्यांकन उपरांत प्राप्ताकों को गुणानुकृत करते हुए प्राप्तांक गोपनीय विभाग को निर्धारित समय सीमा में जमा करना सुनिश्चित करें।

8. परीक्षार्थियों को परीक्षा के सम्बन्ध में, प्रवेश पत्र आदि में किसी भी तरह की हो रही असुविधा हेतु विश्वविद्यालय के हेल्प लाइन नम्बर 6262618001, 6263435457 पर सम्पर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

आदेशानुसार

कुलसचिव
श्री कृष्णा विश्वविद्यालय,
छतरपुर(म.प्र.)